


# खेल ढाबा



पटना, बुधवार, 28 मई, 2025 वर्ष-1 ।। अंक-4 ।। पृष्ठ-2 ।। डिजिटल समाचार




समस्तीपुर फाइनल में पेज-02 कार्लसन ने गुकेश को हराया पेज-02 आकाश के शतक ने अधिकारी इलेवन किया राज पेज-02

## संक्षिप्त

### पाक के टेस्ट कोच के लिए उपयुक्त यूनुस खान

**कराची, 27 मई।** महान गेंदबाज वसीम अकरम का मानना है कि यूनुस खान टेस्ट में पाकिस्तान के मुख्य कोच पद के लिए उपयुक्त हैं। अकरम ने कहा कि यूनुस में लंबे प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की क्षमता है। पाकिस्तान के इस पूर्व कप्तान ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि मेरा मानना है कि यूनुस एक बहुत अच्छा विकल्प है। वह मेरी पसंद होगा लेकिन सब कुछ उसकी उपलब्धता और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की सोच पर निर्भर करता है। यूनुस इससे पहले 2021 में दो साल के लिए पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच नियुक्त हुए थे। उन्होंने हालांकि बोर्ड के कुछ अधिकारियों के साथ मतभेद के कारण छह महीने में ही इस्तीफा दे दिया था। तब तेज गेंदबाज हसन अली के साथ भी उनका विवाद हुआ। वह इस साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान की टीम से मेंटर के तौर पर जुड़े थे।

### फुटबॉल : दिल्ली ने किया खिताब का बचाव

**नारायणपुर (छत्तीसगढ़) 27 मई।** गत चैंपियन दिल्ली ने दो गोल से पिछड़ने के बाद पुरुष अंडर–20 राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में मंगलवार को यहां वापसी करते हुए मिजोरम को अतिरिक्त समय में 4–2 से हराकर खिताब का बचाव किया। दिल्ली के स्थानापन्न खिलाड़ी लैशराम राहुल मीतेई दो गोल कर मैच के नायक बन कर उभरे। उन्होंने नियमित समय के आखिरी क्षणों (90+1 मिनट) और फिर 108वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलायी। आर्य कश्यप (48वां) और प्रशान जाजो (110वां) ने दिल्ली के लिए अन्य दो गोल किए। मेसक सी लालरिनघेटा (39वां) और पीसी पजावना (45+2वां) ने मध्यांतर तक मिजोरम को 2–0 की बढ़त दिला दी थी।

### पीवी सिंधू सिंगापुर ओपन के दूसरे दौर में

**सिंगापुर,27 मई।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू कनाडा की वेन यू झांग को सीधे गेम में हराकर मंगलवार को सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। सिंधू ने सिर्फ 31 मिनट में 21-14, 21-9 से जीत दर्ज की। दूसरे दौर में उनका सामना दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की चेन यू फेइ से होगा। भारत के प्रियांशु राजावत, किरण जॉर्ज, अनमोल खरब, मालविका बंसोड़ हालांकि पहले ही दौर में हारकर बाहर हो गए। मालविका को थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त सुपनिदा केटथोंग ने 14-21, 21-18, 21-11 से हराया। वहीं प्रियांशु को सातवीं वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नारोका ने 14-21, 21-10, 21- 14 से मात दी।

### महिला खिलाड़ियों की जागरुकता पर कार्यक्रम

**पटना, 27 मई।** बिहार ओलंपिक संघ एवं 'ब्लीडिंग ब्लूज़' एनजीओ के द्वारा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के सहयोग से बुधवार को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन पाटलिपुत्र खेल परिसर के इंडोर हॉल में अयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बिहार पुलिस अकादमी की निदेशिका श्रीमती आर.मल्लार विजी, अर्जुन पुरस्कार विजेता डॉ. दिव्या सिंह, श्रीमती नेहा सिंह संस्थापक,ब्लीडिंग ब्लूज़, डॉ. रितु राज, डॉ. प्रिया मनोवैज्ञानिक सलाहकार की संयुक्त देखरेख में महिला खिलाड़ियों को खेल के दौरान मासिक धर्म से होने वाले समस्याओं के प्रति जागरुक करने के लिए कार्यक्रम होगा।

### आईपीएल 2025 : ऋषभ पंत के शतक पर भारी पड़ा जितेश शर्मा का धुआंधार 85 रन

# लखनऊ को हरा बेंगलुरु प्ले ऑफ में


**लखनऊ 27 मई।** आईपीएल 2025 के आखिरी लीग मैच में मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने लखनऊसुपरजायंट्स (एसएसजी) को छह विकेट से हरा दिया।

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में कप्तान ऋषभ पंत ने लखनऊ की तरफ से नाबाद 118 रनों शानदार पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। आरसीबी की तरफ से कप्तान जितेश शर्मा ने अंत में 33 गेंदों पर 85 रन ठोक कर मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने छह छक्के और आठ चौके लगाए।

आरसीबी ने लखनऊके 227/3 के जवाब में 230/4 बनाकर मैच जीत लिया। यह आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज है। इसके साथ ही वह प्वाइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

228 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने तेज–तर्रार शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज फिलिप सॉल्ट ने 30 रन और विराट कोहली ने 54 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली।

हालांकि बीच में एलएसजी ने वापसी की और तीसरे और चौथे नंबर पर क्रमशः रजत पाटीदार (14) और लियाम लिविंगस्टोन (0) को जल्दी पवेलियन का रास्ता दिखाया। लेकिन मयंक अग्रवाल और जितेश शर्मा की नाबाद तेज–तर्रार साझेदारी ने आरसीबी को जीत दिलाई। अग्रवाल ने 23 गेंदों पर 41 और जितेश शर्मा ने 33 गेंदों पर 85 रन जड़े। एलएसजी की तरफ से विलियन ओर्रूक को दो और आकाश महाराज सिंह एवं आवेश खान को एक–एक सफलता मिली। इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी एलएसजी ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 227 रन बनाए थे। टीम की तरफ से मिशेल मार्श और मैथ्यू ब्रीट्ज़के ने बल्लेबाजी पारी की शुरुआत की।





ऋषभ पंत ने अपने शतक का जश्न धूमधाम से मनाया।

टीम को पहला झटका ब्रीट्ज़के (14) के रूप में लगा, जिन्हें तुशारा ने बोल्ड किया। वहीं, मिशेल मार्श ने 181.08 की स्ट्राइक रेट से 37 गेंदों पर 67 रनों की तेज–तर्रार शुरुआत दिलाई। तीसरे नंबर पर कप्तान ऋषभ पंत नाबाद शतकीय पारी खेली। उन्होंने 61 गेंदों पर नाबाद 118 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 11 चौके और आठ गगनचुंबी छक्के लगाए। वहीं, निकोलस पूरन (13) और अब्दुल समद (1) नॉट आउट रहे। वहीं, आरसीबी की तरफ से नुवान तुषारा, भुवनेश्वर कुमार और रोमारियो शेफर्ड को एक–एक विकेट मिली।

## गुलवीर को स्वर्ण पदक

**एशियाई एथलेटिक्स**


- सर्विन सेबेस्टियन को पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक

**गुमी (दक्षिण कोरिया), 27 मई।** राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह ने मंगलवार को यहां एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल करके भारत को प्रतियोगिता का पहला स्वर्ण पदक दिलाया।

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 26 वर्षीय गुलवीर ने 28 मिनट 38.63 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 27:00.22 सेकेंड है जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में बनाया था।

जापान के मेबुकी सुजुकी (28:43.84) ने रजत, जबकि बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप (28:46.82) ने कांस्य पदक जीता। इससे पहले दिन में सर्विन सेबेस्टियन ने पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में एक घंटा 21 मिनट और 13.60 सेकंड (1:21:13.60) का समय लेकर कांस्य पदक जीतकर भारत का प्रतियोगिता में खाता खोला था।

चीन के वांग झाओझाओ (1:20:36.90) और जापान के केंटो योशिकावा (1:20:44.90) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। सेबेस्टियन का समय उनके व्यक्तिगत



सर्वश्रेष्ठ समय 1:21:23 से थोड़ा अधिक था, जो उन्होंने इस वर्ष फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था। इस स्पर्धा में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अमित 1:22:14.30 समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए 59 सदस्यीय दल भेजा है। भारत ने पिछली बार इस चैंपियनशिप में 27 पदक जीते थे।

## विश्वास नहीं हो रहा कि ऐसी पारी खेली है: जितेश

**लखनऊ 27 मई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कार्यवाहक कप्तान जितेश शर्मा ने 33 गेंद में नाबाद 85 रन की बेखौफ पारी खेल कर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ टीम को यादगार जीत दिलाने के बाद कहा कि उनके लिए अपनी भावनाओं को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। प्लेयर ऑफ द मैच जितेश ने 33 गेंद की नाबाद पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाये। उन्हें मयंक का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 23 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके जड़े। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 45 गेंद में 107 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिलायी। जितेश ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा कि मै विश्वास नहीं कर पा रहा हूं कि मैंने ऐसी पारी खेली है। मैं बस उस पल में रहने का प्रयास कर था, में क्रीज पर टिके रहने की कोशिश कर रहा था। मैं अभी अपनी भावनाओं को शब्दों में बयां नहीं पाउंगा। मैच के 12वें ओवर में विराट कोहली (54) के आउट होने के बाद क्रीज पर आये जितेश ने हर गेंदबाज के खिलाफ सहजता से बड़े शॉट लगाये।

## आईपीएल फाइनल : तीनों सेनाओं के प्रमुखों को किया गया आमंत्रित

**नई दिल्ली, 27 मई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को कहा कि उसने अहमदाबाद में तीन जून को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल के लिए तीनों सेना के प्रमुखों को आमंत्रित किया है। टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान हाल में हुए ऑपरेशन सिंदूर में उनके 'वीरतापूर्ण प्रयासों' को सलामी दी जाएगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक मीडिया बयान में यह घोषणा की।

सैकिया ने मंगलवार को कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए सभी भारतीय सशस्त्र बलों के प्रमुखों, शीर्ष अधिकारियों और सैनिकों को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल के लिए आमंत्रित किया है। सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई देश के सशस्त्र बलों की 'वीरता, साहस और निस्वार्थ सेवा' को सलाम करता है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत वीरतापूर्ण प्रयासों' की सराहना की जिसने राष्ट्र की रक्षा की और उसे प्रेरित किया। सैकिया ने कहा, ''उनकी सराहना के तौर पर हमने



समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने और अपने नायकों को सम्मानित करने का फैसला किया है। जबकि क्रिकेट एक राष्ट्रीय जुनून बना हुआ है लेकिन हमारे देश और इसकी संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बड़ा कुछ भी नहीं है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी थल सेना प्रमुख हैं जबकि एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी नौसेना प्रमुख हैं। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह वायुसेना प्रमुख हैं।

पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले में 26 लोगों की पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा हत्या के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। आतंकी हमले में मारे गए अधिकतर लोग पर्यटक थे।

जवाबी कार्रवाई के कारण दोनों चिर प्रतिद्वंद्वियों के बीच संक्षिप्त सैन्य टकराव हुआ था जिसके बाद भारत ने पाकिस्तान के संघर्ष विराम के अनुरोध पर अपने अभियान को रोकने पर सहमति जताई थी।

बीसीसीआई के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष सीके खन्ना ने बोर्ड के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''बीसीसीआई द्वारा तीनों सेना प्रमुखों को आमंत्रित करना एक अच्छा कदम है क्योंकि सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश को गौरवान्वित किया है। हमें सुरक्षित रखने के लिए हम हमेशा अपने सैन्य बलों के ऋणी रहेंगे।

## टी दिलीप क्षेत्ररक्षण कोच नियुक्त

**नई दिल्ली, 27 मई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उपयुक्त विकल्प नहीं मिलने के बाद टी दिलीप को आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय टीम के क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में फिर से नियुक्त करने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2024–25 बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में भारत के खराब प्रदर्शन के बाद कोचिंग स्टाफ में फेरबदल करते हुए पिछले महीने दिलीप और सहायक कोच अभिषेक नायर को हटाने का फैसला किया था। बीसीसीआई नए क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में किसी विदेशी को लाने के लिए बहुत उत्सुक था लेकिन बोर्ड निश्चत समय में ऐसा नहीं कर सका। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान दिलीप ने पहले कुछ लोकप्रिय सुझाव पेश किए थे जैसे कि मैच के दिन सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक को पदक देना या उन पदकों को वितरित करने के लिए कुछ दिग्गज हस्तियों को लाना। भारत ए के कोच भारत के पूर्व खिलाड़ी ऋषिकेश कानिटकर होंगे और उन्हें रेयान टेन डोएशे (बल्लेबाजी कोच) और ट्रॉय कूली (गेंदबाजी कोच) का साथ मिलेगा।

**सलाह**

### वैभव सूर्यवंशी को लेकर ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टीव वॉ ने कहा

# वैभव के सामने नियंत्रण बनाये रखने की चुनौती

**मुंबई, 27 मई।** इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में सनसनी फैलाने वाले बिहार के वैभव सूर्यवंशी की शानदार टाइमिंग से हैरान ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ ने उन्हें 'सुपरनोवा' बनने से बचते हुए नियंत्रण पर फोकस करने की सलाह दी है।

वॉ नियमित रूप से आईपीएल नहीं देखते हैं लेकिन उन्होंने सूर्यवंशी को शानदार खिलाड़ी बताते हुए कहा कि उसे अपने पैर जमीन पर रखने होंगे। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद में शतक जमाया जो टूर्नामेंट में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है।

वॉ ने जियो स्टार द्वारा आयोजित, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलिया सरकार मीडिया कांफ्रेंस आस्ट्रेलियन समर ऑफ क्रिकेट 2025-26 में अनिल कुंबले, मैथ्यू हेडन और रॉबिन उथप्पा के साथ भाग लिया। उन्होंने कहा कि चौदह साल की उम्र में उस पर कोई दबाव नहीं है। वह पूरी आजादी के साथ खेल रहा है जिसे देखकर अच्छा लगा। मुझे लगता है कि उसके सामने चुनौती नियंत्रण बनाये रखने की होगी।


वॉ का मानना है कि एक करोड़ से अधिक का आईपीएल करार पा चुके सूर्यवंशी 16 वर्ष के होने से पहले करोड़पति होंगे और उन पर अपेक्षाओं का काफी दबाव होगा। उन्होंने कहा कि क्या वह इसी उत्साह से खेल सकेगा, इसी आजादी से बल्लेबाजी करेगा ? यह



एक चुनौती होगी। उन्होंने कहा कि उसके पास कौशल है और वह मानसिक रूप से मजबूत है । आप चाहते हैं कि उसके जैसा बल्लेबाज कामयाब हो। क्रिकेट के लिए यह शानदार कहानी ह । मैं आईपीएल ज्यादा नहीं देखता लेकिन इस तरह का कोई खिलाड़ी आता है तो देखने का मन करता है।

भारत में हर नये बल्लेबाजी स्टार की तुलना सचिन तेंदुलकर से की जाती है लेकिन वॉ ने कहा कि सूर्यवंशी या किसी की भी तुलना उनसे नहीं होनी चाहिये क्योंकि तेंदुलकर जैसी प्रतिभा बार-बार नहीं आती।

पर्थ में 1991-92 में 18 वर्ष के तेंदुलकर की



114 रन की पारी आज भी याद की जाती है। वॉ ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि सचिन तेंदुलकर से किसी की भी तुलना हो सकती है।

ऑस्ट्रेलिया में आकर पर्थ में शतक जड़ना जो दुनिया की सबसे कठिन पिचों में से है और जहां अधिकांश खिलाड़ी जूझते नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि पर्थ में इतनी कम उम्र में शतक लगाना हैरानी भरा था। सचिन तेंदुलकर जैसा दूसरा आसानी से नहीं मिल सकता। लेकिन मैने एक 14 साल के लड़के के आईपीएल में शतक लगाने की कल्पना भी नहीं की थी।




# विराट की पारी हुई 'वीरान', आकाश के शतक ने अधिकारी इलेवन किया राज

**पीडीसीए सीनियर डिवीजन लीग**





**पटना, 27 मई (खेलढाबा)।** गत विजेता वाईएमसीसी की टीम पटना जिला सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग के खिताबी दौड़ से बाहर हो गई। सुपर लीग के दूसरे मुकाबले में उसे अधिकारी इलेवन ने 18 रन से पराजित किया। इसी के साथ सुपर लीग के पूल ए से ईआरसीसी और अधिकारी इलेवन ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। अब अधिकारी इलेवन और ईआरसीसी के मैच से पूल टॉपर का फैसला होगा।

इस मैच में हालांकि विराट पांडेय ने वाईएमसीसी को जीत दिलाने की पूरी कोशिश की पर वे असफल रहे। विराट पांडेय ने 136 रन की शानदार पारी खेली। इसके पहले अधिकारी इलेवन के आकाश राज ने 113 रन की पारी खेली और बाद में 1 विकेट चटकाते हुए प्लेयर ऑफ द मैच मैच बने।

22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर खेले गए मैच में वाईएमसीसी ने टॉस जीता और अधिकारी इलेवन को बैटिंग का न्योता दिया। शुरुआत खराब रही। सलामी बैटर रजनीकांत 3 रन बना कर पवेलियन लौट गए। इसके बाद मोनू कुमार और आकाश राज ने मिल कर पारी को आगे बढ़ाया और 56 रन की साझेदारी की। मोनू के आउट होने के बाद आकाश राज को कुमार रजनीश का पूरा साथ मिला और स्कोर 200 के पार पहुंच गया। इसके बाद रौशन ने भी अच्छी बैटिंग की और अधिकारी इलेवन 39.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 295 रन बनाये।

अधिकारी इलेवन की ओर से मोनू कुमार ने 33 गेंद में 5 चौका की मदद से 33, आकाश राज ने 101 गेंद में नौ चौका व 7 छक्का की मदद से 113, कुमार रजनीश ने 57 गेंद में नौ चौका व 2 छक्का की मदद से 70, सचिन कुमार ने 11, रौशन ने 16 गेंद में 5 चौका व 1 छक्का की मदद से 33 रन बनाये। अतिरिक्त के सहारे 19 रन बने।

वाईएमसीसी की ओर से रिषभ राकेश ने 5, श्यामल पांडेय ने 3, सूरज कश्यप ने 1 विकेट चटकाये। जवाब में वाईएमसीसी की टीम 39.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 277 रन बनाये। वाईएमसीसी की ओर विराट पांडेय ने 101 गेंद में 16 चौका व 6 छक्का के सहारे 136 रन बना कर टीम को जीत दिलाने की पूरी कोशिश की पर सफल नहीं हो सके। सत्यम ने 42 गेंद में 5 चौका व 4 छक्का के सहारे 58 रन बनाये और विराट के साथ 98 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इस जोड़ी के टूटने के बाद विराट को साथ देने वाला नहीं मिला और अंततः वाईएमसीसी की टीम 39.1 ओवर में 277 पर ऑल आउट हो गई। वाईएमसीसी की ओर से अभिषेक ने 22 गेंद में 3 चौका की मदद से 22, सूरज कश्यप ने 25 गेंद में 3 चौका व 1 छक्का की मदद से 27 रन बनाये।

अधिकारी इलेवन की ओर से मलय राज ने 1, सचिन ने 3, रौशन ने 3, प्रभाकर 1, आकाश राज ने 1 विकेट चटकाये।

संक्षिप्त स्कोर

अधिकारी इलेवन : 39.4 ओवर में 295 रन पर ऑल आउट, मोनू कुमार 33, आकाश राज 113, कुमार रजनीश 70, सचिन 11, रौशन 33, अतिरिक्त 19, रिषभ राकेश 5/61, सूरज कश्यप 1/39, श्यामल पांडेय 3/57.

वाईएमसीसी : 39.1 ओवर में 277 रन पर ऑल आउट, अभिषेक कुमार 22, रिषभ राकेश 16, विराट पांडेय 136, सूरज कश्यप 27, सत्यम 58, मलय राज 1/61, सचिन कुमार 3/48, रौशन 2/46, प्रभाकर 1/48, आकाश राज 1/55

## संक्षिप्त

### ग्रीष्मकालीन बॉल बैडमिंटन शिविर 1 जून से

**पटना, 27 मई।** किलकारी बिहार बाल भवन सैदपुर, पटना के तत्वावधान में 1 से 7 जून तक निशुल्क ग्रीष्मकालीन बॉल बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर ( भाग –1 ) का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग तक के बालक व बालिका खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर ने बताया कि किलकारी बिहार बाल भवन, पटना के सभागार में ग्रीष्मकालीन बॉल बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने एवं खिलाड़ियों के भागीदारी हेतु शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की एक बैठक हुई जिसमें पटना के 34 विभिन्न स्कूलों के खेलकूद शिक्षकों ने भाग लिया।

### बीआईओसी की टीम जीती

**पटना, 27 मई।** क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार के ग्राउंड पर चल रहे सीएबी चैलेंजर ट्रॉफी अंडर–12 क्रिकेट टूर्नामेंट में बीआईओसी ने सीसीए को 39 रन से हराया। विजेता टीम के प्रियांशु को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। बीआईओसी ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करते हुए 25 ओवर में सभी विकेट खोकर 170 रन बनाये। प्रियांशु ने 73 और आर्यन ने 22 रन बनाये। सीसीए की ओर से रियान ने 12 रन देकर 3 और आर्यन ने 28 रन देकर 1 विकेट चटकाये। जवाब में सीसीए की टीम 19.3 ओवर में 131 रन पर ऑल आउट हो गई। आर्यन ने 50 और यश ने 29 रन बनाये। आर्यन कुमार ने 21 रन देकर 2 और कुंदन ने 23 रन देकर 2 विकेट चटकाये।

### श्योराण और नीरू राष्ट्रीय ट्रायल में शीर्ष पर रहे

**नई दिल्ली, 27 मई।** लक्ष्य श्योराण और नीरू ढांडा ने मंगलवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में आयोजित दूसरी शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल्स की ट्रैप फ़ाइनल स्पर्धा में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। लक्ष्य ने क्वालिफिकेशन में 120 अंक हासिल करते हुए फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने फाइनल में 43 अंक हासिल कर जसविंदर सिंह को दो अंकों से पछाड़कर जीत दर्ज की। भवनीश मेंदीरत्ता ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### क्वार्टर फाइनल में उतरेंगे पांच भारतीय मुक्केबाज

**बैंकॉक, 27 मई।** भारत के पांच मुक्केबाज बुधवार को यहां चौथे थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे और सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेंगे। पुरुषों के ड्रॉ में जुगनू ( 85 किग्रा ) का सामना कजाखस्तान के बेकजत तंगतर से होगा जबकि दीपक ( 75 किग्रा ) का सामना दक्षिण कोरिया के किम ह्योन–ताए से होगा। महिला वर्ग में तमन्ना ( 51 किग्रा ) का सामना चीनी ताइपे की लियू यू–शान से होगा जबकि प्रिया ( 57 किग्रा ) की भिड़ंत दक्षिण कोरिया की पार्क आह–ह्यून से होगी और अंजलि ( 75 किग्रा ) का सामना जापान की नाओका कसाहारा से होगा।

### नॉर्वे शतरंज : कार्लसन ने गुकेश को हराया

**स्टावेंजर (नॉर्वे), 27 मई ।** मैग्नस कार्लसन ने अंतिम क्षणों में अपनी विशेषज्ञता का शानदार नमूना पेश करते हुए यहां खेले जा रहे नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को रोमांचक मुकाबले में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए। पांच बार के विश्व चैंपियन 34 वर्षीय कार्लसन और उनसे आधी उम्र के गुकेश के बीच खेले जा रहे इस मैच को टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मुकाबला माना जा रहा था। गुकेश ने चार घंटे से अधिक समय तक चले क्लासिकल शतरंज के इस मुकाबले में अधिकतर समय तक नॉर्वे के गत चैंपियन को दबाव में रखा, लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने एक गलती की जिसका फायदा उठाकर कार्लसन ने 55 चाल में जीत हासिल की। इस जीत से कार्लसन ने तीन अंक अर्जित किए और वह अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं।

# समस्तीपुर फाइनल में, सीवान से भिड़ंत





**पटना, 27 मई (खेलढाबा)।** समस्तीपुर ने श्यामल सिन्हा मेंस अंडर-16 वनडे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है जहां उसकी भिड़ंत सीवान से होगी। फाइनल मुकाबला 28 मई को खेला जायेगा। समस्तीपुर ने दूसरे सेमीफाइनल में शिवहर को 65 रन से हराया। स्थानीय मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गए मैच में समस्तीपुर ने पहले बैटिंग करते हुए 45.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 236 रन बनाये। जवाब में शिवहर की टीम 50 ओवर में नौ विकेट पर 171 रन ही बना सकी। टॉस शिवहर ने जीता और समस्तीपुर को बैटिंग का न्योता दिया। खराब शुरुआत के बाद समस्तीपुर संभला। सलामी बैटर भानू सिंह ( 0 ) और रितेश जायसवाल ( 7 ) सस्ते में पवेलियन लौट गए। इसके बाद श्वेताम कुमार, आदर्श कुमार और मनीष राज ने अच्छी बैटिंग कर समस्तीपुर का स्कोर 45.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 236 रन पहुंचाया। समस्तीपुर की ओर से श्वेताम ने 92 गेंद में 17 चौका की मदद से 92, आदर्श राज ने 71 गेंद में 8 चौका की मदद से 44, मनीष राज ने 39 गेंद में 4 चौका की मदद से 33, मनदीप ने 18 रन की पारी खेली। अतिरिक्त के सहारे 31 रन बने। शिवहर की ओर से सचिन सिंह ने 2, कुंदन और प्रतीक ने 1–1 जबकि आर्यन और दीपक कुमार ने 3–3 विकेट चटकाये। जवाब में शिवहर की टीम निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 171 रन ही बना सकी।

शिवहर के बैटरों के बल्ले से रन तो जरूर निकले पर धीमी गति से और कुछ–कुछ अंतराल पर विकेट भी गिरते चले गए। नतीजा शिवहर की टीम 50 ओवर में नौ विकेट पर 171 रन बना सकी और फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया। शिवहर की ओर से प्रतीक राज ने 14, दीपक कुमार ने 16, निकेश कुमार ने 10, आर्यन ने 17, दीपांशु ने 16, तेजस्व ने नाबाद 32, सचिन सिंह ने 13, कुंदन मिश्रा ने 22 रन बनाये। अतिरिक्त के सहारे 22 रन बने। समस्तीपुर की ओर से अनुराग ने 1, मोहम्मद आलम ने 2, मनदीप और अंशुमान ने 3–3 विकेट चटकाये। 92 रन की पारी खेली वाले श्वेताम को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

**श्यामल सिन्हा अंडर-16 वनडे ट्रॉफी**

- दूसरे सेमीफाइनल में शिवहर को 65 रन से हराया

समस्तीपुर : 45.1 ओवर में 236 रन पर ऑल आउट, श्वेताम 92, आदर्श राज 44, मनीष राज 33, मंदीप 18, अतिरिक्त 31, सचिन 2/21, कुंदन मिश्रा 1/33, आर्यन कुमार 3/49, दीपक कुमार 3/44, प्रतीक राज 1/6 शिवहर : 50 ओवर में नौ विकेट पर 171 रन, प्रतीक राज 14, दीपक कुमार 16, निकेश कुमार 10, आर्यन 17, दीपांशु 16, तेजस्व नाबाद 32, सचिन सिंह 13, कुंदन मिश्रा 22, अतिरिक्त 22, अनुराग 1/38, मोहम्मद आलम 2/19, मंदीप 3/32, अंशुमान राज 3/44

## वीमेंस अंडर-15 वनडे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट कल से

**पटना, 27 मई (खेलढाबा)।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने वीमेंस अंडर–15 वनडे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। मुकाबले 29 मई से दो ग्राउंड पर शुरू होंगे। खिलाड़ियों को 28 मई को अपने आयोजन स्थल पर रिपोर्ट करना होगा। मैच पटना के मोइनुल हक स्टेडियम स्थित सीएबी ग्राउंड और बिदुपुर के बिहार क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर खेला जायेगा।

कार्यक्रम इस प्रकार है

29 मई : लिटिल लीजेंड्स बनाम मिनी मावेरिक्स (सीएबी ग्राउंड)। ड्रीम ड्राइवर्स बनाम ब्राइट ब्लास्टर्स (बिहार क्रिकेट एकेडमी, बिदुपुर, हाजीपुर)। 30 मई : ड्रीम ड्राइवर्स बनाम मिनी मावेरिक्स (सीएबी ग्राउंड), लिटिल लीजेंड्स बनाम ब्राइट ब्लास्टर्स (बिहार क्रिकेट एकेडमी, बिदुपुर, हाजीपुर)। 31 मई : मिनी मावेरिक्स बनाम ब्राइट ब्लास्टर्स (सीएबी ग्राउंड), लिटिल लीजेंड्स बनाम ड्रीम ड्राइवर्स (बिहार क्रिकेट एकेडमी, बिदुपुर, हाजीपुर), 1 जून–फाइनल (बिहार क्रिकेट एकेडमी, बिदुपुर)

टीम इस प्रकार है

**टीम ब्राइट ब्लास्टर्स** : सुषमा सुमन (कप्तान, बेगूसराय), कृतिका कनक (पटना), श्वेता कुमारी (पश्चिमी चंपारण), जयश्री चौहान (जमुई), अनु सिंह कुशवाहा (सीवान), आकृति रौशन (मधुबनी), अहाना आनंद (पटना), अराध्या यादव (पटना), साक्षी राज चौधरी (पटना), वैष्णवी सिंह (पटना), महिमा शेखर (पटना), तपस्या कश्यप (बक्सर), खुशबू यादव (कैमूर), मिताली राज (गया)।

**टीम मिनी मावेरिक्स** : प्रिया राज (नवादा), आकांक्षा कुमारी (भोजपुर), सूर्यवंशी राज (पटना), आदिश्री अग्रवाल (मुजफ्फपुर), सुमेष चौधरी (पटना), रानी खातून (पूर्वी चंपारण), श्रेयांशी (पटना), पायल कुमारी (पूर्णिया), अनुष्का मिश्रा (लखीसराय), अराध्या आनंद (कप्तान, मुजफ्फरपुर), अंशु कुमारी (जमुई), खुशी कुमारी (पटना), अंतिमा पॉल (शिवहर), सान्या राज गुप्ता (पटना), सनम कुमारी (पटना)।

**टीम ड्रीम ड्राइवर्स** : अनुष्का कुशवाहा (गोपालगंज, कप्तान), एनम जमाल (सीवान), साक्षी यादव (बेगूसराय), शिवानी कुमारी (गया), सृष्टि कुमारी (औरंगाबाद), रीवा चौधरी (पटना), नीतू कुमारी (गया), सानवी सिन्हा (पटना), नैना गुप्ता (पटना), साक्षी कुमारी (मुजफ्फरपुर), सौम्या कुमारी (गोपालगंज), राज नंदनी (गया), अनु कुमारी (वैशाली), अनन्या पांडेय (पटना), सिद्धि कुमारी (पटना)।

**टीम लिटिल लीजेंड्स** : तेजस्विनी (बक्सर, कप्तान), अदिति राय (गया), अन्वेषा सिंह (समस्तीपुर), पूर्वांशी आनंद (मुजफ्फरपुर), संस्कृति कुमारी (सीतामढ़ी), शांभवी सिंह (पटना), सोनाली कुमारी (रोहतास), कहकशां मंजूर (गोपालगंज), निशू कुमारी (पटना), चांदनी कुमारी (गोपालगंज), अराध्या प्रियदर्शनी (पटना), हानिया हुमारिया (पूर्वी चंपारण), स्वीटी कुमारी (गया), अराध्या सिंह (पटना)।

# क्रिकेट एकेडमी ऑफ पटना व 22 यार्ड एकेडमी विजयी

**जीएनआईओटी कप**

**पटना, 27 मई (खेलढाबा)।** स्थानीय कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे जीएनआईओटी कप अंडर–15 क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार यानी 27 मई को खेले गए मुकाबलों में क्रिकेट एकेडमी ऑफ पटना और 22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी ने जीत हासिल की। क्रिकेट एकेडमी ऑफ पटना ने सरदार पटेल क्रिकेट एकेडमी रेड को 119 रन और 22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी ने श्रीराम खेल मैदान को 77 रन से हराया।

पहले मैच में क्रिकेट एकेडमी ऑफ पटना ने टॉस जीता और उज्ज्वल राज के 82 रन की मदद से 9 विकेट पर 207 रन बनाये। सरदार पटेल क्रिकेट एकेडमी की ओर से अंशु ने 5 विकेट चटकाये।

जवाब में शुभ श्लोक की सधी गेंदबाजी के आगे सरदार पटेल क्रिकेट एकेडमी की टीम 11.4 ओवर में 88 रन पर सिमट गई और इस तरह क्रिकेट एकेडमी ऑफ पटना ने 119 रन से जीत हासिल कर ली। विजेता टीम के उज्ज्वल राज को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

संक्षिप्त स्कोर

क्रिकेट एकेडमी ऑफ पटना : 21 ओवर में नौ विकेट पर 201 रन, आयुष्मान सिंह 26, उज्ज्वल राज 82, ओमी 11, प्रिंस दूबे 23, कैफ जावेद नाबाद 21, अतिरिक्त 19, अंशु कुमार 5/45, विराट 1/7

सरदार पटेल क्रिकेट एकेडमी रेड : 11.4 ओवर में 88 रन पर ऑल आउट आदित्य राज 21, समर सिंह 13, अतिरिक्त 26, उज्ज्वल राज 2/16, अंकित पटेल 2/14, शुभ श्लोक 5/15,

दूसरे मैच में 22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करते हुए 21 ओवर में 7 विकेट पर 200 रन बनाये। सुमित कुमार ने 96 रन की पारी खेली। जवाब में दीपक के 50 रन के बाद भी श्रीराम खेल मैदान की टीम 17.4 ओवर में 123 रन पर ऑल आउट हो गई। सुमित कुमार ( 96 रन, 2 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।



संक्षिप्त स्कोर

22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी : 21 ओवर में 7 विकेट पर 200 रन, हरे राम 15, प्रभात 37, सुमित कुमार 96, अविनाश कुमार 15, अतिरिक्त 19, आयुष 2/34, आशीष कुमार 3/51, अनुभव 1/28.

श्रीराम खेल मैदान : 17.4 ओवर में 123 रन पर ऑल आउट, रजनीश 13, दीपक 50, आयुष झा 14, अनुभव 13, अतिरिक्त 22, अविनाश कुमार 2/12, रितिक गिरि 1/17, आयुष 1/24, प्रभात 3/32, सुमित कुमार 2/15

## सिनर की लगातार 15वीं ग्रैंडस्लैम जीत, ज्वेरेव भी आगे बढ़े

**पेरिस, 27 मई।** विश्व नंबर एक यानिक सिनर ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के आर्थर रिडरक्नेच पर 6–4, 6–3, 7–5 से जीत हासिल करते हुए ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में अपनी जीत के क्रम को 15 मैचों तक पहुंचा दिया। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध की सजा काटने के बाद अपने दूसरे टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। उन्होंने पिछले साल अमेरिकी ओपन और इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था। इटली के इस 23 वर्ष के खिलाड़ी में अभी तक तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं लेकिन फ्रेंच ओपन में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचना था। अगले दौर में सिनर का सामना स्थानीय रिचर्ड गास्क्वेट से होगा, जिन्होंने घोषणा की है कि यह टूर्नामेंट उनके करियर का अंतिम होगा।

## बिहार जूनियर हैंडबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर शुरू

**नवादा, 27 मई।** बिहार राज्य जूनियर बालिका हैंडबॉल टीम का द्वितीय सत्र का आवासीय प्रशिक्षण शिविर मॉडर्न पब्लिक स्कूल कुंती नगर नवादा में सोमवार से शुरू हुआ। प्रशिक्षण शिविर में बिहार के विभिन्न जिला से चयनित महिला खिलाड़ी हिस्सा ले रही है । जो 18 से 22 जून तक 47 वी जूनियर बालिका नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी।



यह नेशनल प्रतियोगिता हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में बिहार हैंडबॉल संघ एवं नवादा जिला हैंडबॉल संघ द्वारा नवादा , बिहार में ही आयोजित है। प्रशिक्षण शिविर का विधिवत उद्घाटन खेल मैदान का पूजन मंत्रोच्चार के बीच विद्यालय के निदेशक सह प्रतियोगिता के आयोजन अध्यक्ष डा अनुज कुमार , बिहार हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ी के नाम इस प्रकार हैं-मुस्कान, पम्मी, निधि, तृप्ति , दूजा, सिमरन , सोनी, सोनाली, मानसी, सिमरन कुमारी, प्रेमलता, जानवी , करिश्मा, सिमरन, रिया , कोमल , रुचि, गोल्डी , पूजा, पल्लवी, श्वेता।

## सॉफ्टबॉल बिहार टीम घोषित, श्रेया व सुजल को कमान


**पटना, 27 मई।** चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली 43वीं अखिल भारतीय जूनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बिहार बालिका एवं बालक वर्ग की घोषणा सॉफ्टबॉल एसोसिएशन की सचिव प्राची शर्मा ने की। बालक वर्ग में सुजल राज को कप्तान बनाया गया है जबकि बालिका वर्ग टीम की कमान श्रेया रमेश को सौंपी गई है। टीम इस प्रकार है : बालक वर्ग : सुजल राज (कप्तान), राजवीर सिंह, आदित्य कुमार कश्यप, अश्वनी राज, ज्योति राज तिवारी, पृथ्वी राज पांडे, कृष्ण कुमार कश्यप, हिमांशु पटेल, रवीन्द्र कुमार सिंह, आदर्श कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, मोहम्मद शारिक अली, निखिल कुमार, अंशू कुमार (उप कप्तान), शुभम राय, प्रिंस राज, कोच : सौरव कुमार। बालिका वग–श्रेया रमेश (कप्तान), श्रुति प्रिया (उप कप्तान), नेहा यादव, कल्पना, कृतिका खरबंदा, आराध्य नारायण, आराध्या कुमारी, जिज्ञासा भारती, सृष्टि, शांभवी शर्मा, अनीशा, शिखा रानी, वन्दना, निकिता कुमारी, शगुन, संध्या, कोच : अंकित कुमार



# बिहार महिला फिडे रेटिंग शतरंज में मरियम शीर्ष पर

**पटना, 27 मई (खेलढाबा)।** अखिल बिहार शतरंज संघ के तत्वावधान में पटना के पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में चल रहे बिहार राज्य महिला फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में आज आठवें चक्रकी समाप्ति के बाद साढ़े सात अंको के साथ मुजफ्फरपुर की मरियम फातिमा अकेले शीर्ष पर चल रही हैं। वहीं साढ़े छह अंको के साथ पटना की नेहा सिंह अकेले दूसरे स्थान पर चल रही हैं।

साढ़े पांच अंको के साथ आज सुबह मुकाबलों की शुरुआत करनेवाली दोनों शीर्ष खिलाड़ियों मरियम फातिमा एवं नेहा सिंह ने अपने अपने मुकाबले जीत साढ़े छह अंको के साथ आठवें चक्र में प्रवेश किया। सुबह खेले गए सातवें चक्रके मुकाबले में मरियम ने शालिनी को जबकि नेहा ने अदीबा उल्लाह को पराजित कर दिन की शुरुआत की। दोनों शीर्ष खिलाड़ियों ने आठवें चक्रमें भी अपनी बढ़त को बनाये रखने हेतु खेल की शुरुआत की। बोर्ड नम्बर एक पर सफेद मोहरों से खेल रही मरियम ने भोजपुर की अर्पिता सिंह के खिलाफ कैटलन ओपनिंग से खेल की शुरुआत की। अनुभवी मरियम ने सधे हुए खेल से दस–ग्यारह चालों के बाद ही खेल पर अपनी पकड़ बनानी शुरू कर दी थी लेकिन 14वें चाल में बी खाने के प्यादे को चलकर अर्पिता ने एक बड़ी भूल कर दी और अपना एक मोहरा उन्हे गंवाना पड़ा।



इस गलती के बाद मरियम ने अर्पिता को संभलने का मौका नही दिया और अंततः 41वें चाल में अर्पिता ने हार कबूल कर ली। दूसरे बोर्ड पर गयाजी की कोमल सिंह मुस्कान के विरुद्ध खेल रही नेहा सिंह को मोबाइल बजने के कारण निर्णायक ने हार करार दे दिया।

तीसरे बोर्ड पर पटना की अदीबा उल्लाह ने वैशाली की रश्मि प्रिया को एक मैराथन पारी में शिकस्त देकर बिहार टीम में अपनी दावेदारी मजबूत कर ली। कल प्रतियोगिता का अंतिम चक्रखेला जाएगा। अब तक स्थितियों को देखकर पूर्ण अंको से बढ़त बनाने वाली मरियम फातिमा का विजेता बनना काफी हद तक तय माना जा रहा है। आठवें चक्रमें खेले गए मुकाबलों के मुख्य परिणाम इस तरह रहे :

मरियम फातिमा (7.5) ने अर्पिता सिंह (5), कोमल सिंह मुस्कान (6) ने नेहा सिंह (6.5), अदीबा उल्लाह (6) ने रश्मि प्रिया (4.5), अनिका यादव (5.5) ने प्रशंसा कुमारी (4.5), अंकिता राज (5.5) ने धान्वी कर्माकर (4.5), शालिनी श्रीवास्तव (5.5) ने प्रगति सिन्हा (4), नूपुर आनंद (5) ने कीर्ति सिन्हा (4), कुमारी प्रेरणा (5) ने वैभवी वाणी (4), आरोही सागर (5) ने नव्या गोयनका (4) एवं मनीषा यादव (5) ने सरस्वती सक्सैना (4) को पराजित किया।